सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	वैशाख 26, सोमवार, शाके 1944-मई 16, 2022 *Vaisakha 26, Monday , Saka 1944- May 16, 2022*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि।

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

अधिसूचना

जोधपुर, अप्रेल 29, 2022

संख्या एफ.37/**भू3प**/(05/2020)/2022/217 :-राजस्व ग्राम ढण्ड के खसरा संख्या 02 संयुक्तिकृत भूखण्ड संख्या ए, बी, सी का क्षेत्रफल 977.77 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख अनुसार व्यवसायिक प्रयोजनार्थ से व्यवसायिक (पेट्रोल पम्प) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार दिनांक 09 जून, 2020 (दैनिक नवज्योति) एवं दिनांक- 09 जून, 2020 (राजस्थान पत्रिका) के द्वारा आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये थे। उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

<u>उपान्तरण</u>

जोधपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2009 की धारा 25 की उप-धारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये आवेदित भूमि पट्टा विलेख अनुसार व्यवसायिक प्रयोजनार्थ से व्यवसायिक (पेट्रोल पम्प) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त उपान्तरण माननीय उच्च न्यायालय में मास्टर प्लान में भू-उपयोग उपान्तरण से संबंधी विचाराधीन रिट पिटीशन संख्या 1554/04 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन होगा।

यह विज्ञप्ति आज दिनांक- 30 अप्रैल, 2022 को जारी की गई। उक्त अधिसूचना राजस्थान राज-पत्र के साधारण अंक एवं राज्य के दो प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के पश्चात् ही मान्य होगी।

प्राधिकरण स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन

समिति की आज्ञा से,

राजेश वर्मा,

निदेशक आयोजना,

जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।